28/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वे 70,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सिक्किम में प्रधानमंत्री **"सिक्किम@50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को पोषित करती है"** कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे राज्य में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। बाद में श्री मोदी पश्चिम बंगाल जाएंगे जहां वे अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

0000000000000000000000

ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत जेडी(यू) सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज इंडोनेशिया के जकार्ता पहुंचा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के वैश्विक प्रयासों के तहत प्रतिनिधिमंडल ने अब तक जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का दौरा किया है। इंडोनेशियाई पक्ष ने कहा कि वे आतंकवाद की निंदा करते हैं और समस्याओं को हल करने के लिए बातचीत में विश्वास करते हैं। उन्होंने भारत के ज़ीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण का समर्थन किया। पनामा में, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पनामा विधानसभा अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने पुरोइक समुदाय के चार उत्कृष्ट छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की है। इन छात्रों को दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता के सम्मान में छात्रवृत्ति दी गई है। ये पुरस्कार 'राज्यपाल के उत्कृष्ट पुरस्कार' कोष से दिए गए, जिसे विशेष रूप से पुरोइक वेलफ़ेयर सोसायटी के शैक्षिक उन्नति का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया था। छात्रवृत्तियों को मंजूरी देते हुए राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम पुरोइक समुदाय के अन्य युवा शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली साधन है और उन्होंने कामना की है कि पुरोइक समुदाय के बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकें।

0000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने आज दिबांग वैली प्रशासन के साथ एक व्यापक जिला समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने बताया कि बैठक में इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिले को आकार देने वाले प्रमुख अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। साथ ही पर्यटन, बागवानी, जल विद्युत, औषधीय वानिकी और हस्तशिल्प में अपार संभावनाओं से लेकर कठिन भूभाग जैसी चुनौतियों तक, हर मुद्दे का सतत विकास के दृष्टिकोण से मूल्यांकन किया गया। मंत्री ने जनता से दिबांग वैली को एक विकास मॉडल में बदलने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000

राज्य की प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता **जुमदे योमगाम गामलिन** को नशा मुक्ति और पुनर्वास में उनके अथक प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में श्रीमती गामलिन को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्रीमती गामलिन को पद्म श्री के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य को श्रीमती गामलिन पर बहुत गर्व है।

0000000000000

पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की तीनसौवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज बोमडिला में एक जोनल लेवल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में महिला स्वयं सहायता समूहों, पंचायत नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लगभग 350 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण जिले की कई सफल महिलाओं का सम्मान करना था, जिसमें समाज में उनके अमूल्य योगदान को मान्यता दी गई।

000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **20** जिलों, तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग-कुमे, पापुम पारे, अपर सुबानसिरी, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, लोअर दिबांग वैली, अंजाव,म लोहित, मानसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदींग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000000

कल पाकिस्तान की सीमा से लगे जिलों में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में होगा। ड्रिल के दौरान, अधिकारी प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए प्रदर्शन और प्रशिक्षण सत्र प्रदान करेंगे। विभिन्न धार्मिक संगठनों, सरकारी विभागों, एनसीसी कैडेटों और एनएसएस स्वयंसेवकों के स्वयंसेवक इस अभ्यास में भाग लेंगे।

0000000000000000000000000

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। आज दोपहर नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

000000000000000000